# खुशबू मौत प्रकरण : आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, सर्व समाज ने किया प्रदर्शन

## खुशबू राजपुरोहित की संदिग्ध हालत में मौत के बाद शव एमडीएम मोर्चरी में पड़ा हुआ है

- पुलिस ने दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज कर पति को हिरासत में लिया था, मगर मृतका के परिजन ससुराल पक्ष के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं
- परिजनों ने खुशबू राजपुरोहित को जहर देकर मारने का आरोप लगाया, मामले का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के पावटा सी रोड पर रहने वाली खुशबू राजपुरोहित की संदिग्ध हालात में मौत के बाद दूसरे दिन शनिवार को भी उसका शव एमडीएम मोर्चरी में पड़ा रहा। पुलिस ने दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसके पति को हिरासत में लिया था, मगर मृतका के परिजन ससुराल पक्ष के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं। राजपुरोहित समाज ने सर्व समाज को साथ लेकर एमडीएम अस्पताल मोर्चरी के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। फिलहाल उसका शव नहीं उठाया गया है। पुलिस भी धरनास्थल पर पहुंची है। परिजनों ने जहर देकर मारने का आरोप लगाया था, मामले का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

जानकारी के अनुसार मृतका के भाई पाली जिले के रोहट स्थित धरमधारी निवासी इंद्रजीत सिंह ने महिला थाना (पूर्व) में रिपोर्ट दी थी। इसमें पति हर्षित सिंह, ससुर चंद्र सिंह उर्फ चंदन सिंह, सास मंजू देवी, जेठ अंकित सिंह व ननद साक्षी के खिलाफ दहेज के लिए तंग व प्रताड़ित, मारपीट करने और जहरीला पदार्थ खिलाकर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया। खुशबू की मौत के बाद एफआईआर में दहेज हत्या की धारा भी जोड़ी गई है। पुलिस ने पति हर्षित सिंह राजपुरोहित को रात तक हिरासत में ले लिया। मृतका के परिजन और समाज के लोग ससुराल पक्ष के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एमडीएम अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे हैं। इधर शनिवार को परिजन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे।

पाली के रोहट स्थित धरमधारी निवासी इंद्रजीत सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि 2 मई 2022 को खुशबू की शादी हर्षित से हुई थी। वह जयपुर में सोलर कंपनी में काम करता है। शादी में पिता ने हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था, मगर वे उसके बाद भी दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पति जब भी जयपुर से आता। तब वह मारपीट करता था। गत 20 जून को खुशबू ने पीहर जाकर मां और भाई को उसके साथ हो रही प्रताड़ना के बारे में बताया। तब समाज स्तर पर बातचीत से रास्ता निकाल ससुराल पक्ष ने दुबारा इस तरह की कोई बात नहीं होने का भरोसा दिलाया था। खुशबू को गत 20 अक्टूबर को उसे ससुराल भेजा। ससुराल जाने के दूसरे ही दिन खुशबू ने भाई को फोन कर जान से मारने की आशंका जताई थी। भाई उसे दूसरे दिन लेने के लिए जाने वाला था। इस बीच दोपहर में ससुर ने खुशबू की तबीयत खराब होने व अस्पताल ले जाने के बारे में सूचना दी।

# दो ग्राम विकास अधिकारी सेवा से बर्खास्त

- पांचू पंचायत समिति से दोनों ग्राम विकास अधिकारी पांच साल से अधिक समय से अनुपस्थित थे

**बीकानेर, (निसं)।** पांचू पंचायत समिति के दो ग्राम विकास अधिकारियों को पांच साल से ज्यादा समय से अवकाश पर रहने के कारण सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। ग्राम विकास अधिकारी रमेश ओझा और गिरधर स्वामी को राजकीय सेवा से हटाने के आदेश जारी हुए।

सीईओ जिला परिषद सोहन लाल ने बताया कि दोनों ग्राम विकास अधिकारी 5 वर्ष से अधिक अवधि से अवकाश पर थे, जिसकी किसी तरह की कोई सूचना भी नहीं दी गई। पांचू पंचायत समिति के ग्राम विकास अधिकारी रमेश ओझा के 2 जून 2016 से बिना सक्षम स्तर से अवकाश स्वीकृत कराये स्वेच्छा से लगातार ड्यूटी/राजकीय सेवा से अनुपस्थित रहने के कारण और गिरधर स्वामी ग्राम विकास अधिकारी पंचायत समिति बीकानेर के दिनांक 20 नवंबर 2016 से कार्यमुक्त होकर अब तक पंचायत समिति पांचू में कार्यग्रहण नहीं किया। इसी कारण 20 नवंबर 2016 से निरन्तर बिना सक्षम स्तर से अवकाश स्वीकृत कराये लगातार ड्यूटी व राजकीय सेवा से अनुपस्थित है। इसी कारण राजकीय सेवा से हटा दिया गया है। जिला स्थापना समिति की 15 अक्टूबर 2025 को हुई बैठक में उक्त दोनों प्रकरण समिति सदस्यों के समक्ष रखे गये जिसका समिति सदस्यों ने गहनता से अवलोकन किया। जिसमें रमेश ओझा व गिरधर स्वामी को बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया।

# जैसलमेर बस हादसे में एक और घायल की मौत, मृतकों की संख्या 27 हुई

**जोधपुर, (कासं)।** जैसलमेर बस हादसे में एक और घायल की मौत हो गई। महात्मा गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान गंगाणा निवासी इकबाल ने दम तोड़ दिया। इस मौत के बाद इस हादसे में मृतकों की संख्या 27 हो गई है। महात्मा गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. फतेह सिंह भाटी ने बताया कि हादसे में घायल गंगानी निवासी इकबाल (41) की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दे कि इस हादसे में मौतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हादसे वाले दिन मौके पर ही 19 मौत हो गई थी। उसके बाद एक घायल ने अस्पताल लाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया था। अब मृतकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है। हादसे में अभी एक मरीज वेंटिलेटर पर है।

# जन्मदिन मनाने के बाद डॉ. सतीश पूनियां ने गिरिराजजी की पैदल परिक्रमा की



डॉ. सतीश पूनियां ने सपरिवार गोवर्धनजी की पैदल परिक्रमा की।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. पूनियां का माला पहनाकर स्वागत किया।

- डॉ. सतीश पूनियां ने भगवान श्रीकृष्ण की नगरी ब्रजभूमि पूँछरी का लौठा गोवर्धन में जन्मदिन मनाया
- पूनियां को राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश दिल्ली के हजारों कार्यकर्ता और नेता बधाई देने पहुंचे

**भरतपुर/जयपुर।** भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने शनिवार सुबह परिवार के साथ पूँछरी का लौठा में गोवर्धन महाराज की पैदल परिक्रमा कर राजस्थान एवं देशवासियों की खुशहाली की कामना की और संतों का आशीर्वाद लिया। वहीं पैदल परिक्रमा करने के दौरान पूनियां ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्थानीय लोगों के साथ स्वच्छ भारत अभियान के तहत झाड़ू लगाकर आमजन से स्वच्छता को बढ़ावा देने के आव्हान किया।

जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को डॉ. सतीश पूनियां ने अपना 61वां जन्मदिन भरतपुर डीग जिले में स्थित पूँछरी का लौठा में भगवान श्री गोवर्धन महाराज और श्रीनाथजी भगवान की पूजा-अर्चना कर राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं के साथ मनाया था, जहां भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी, विधायक, मंत्री, पूर्व मंत्री विधायकों सहित आमजन एवं गणमान्य लोग बधाई एवं शुभकामनाएं देने पहुंचे। डॉ. सतीश पूनियां ने जन्मदिन एवं दीपावली स्नेह मिलन पर सुबह भगवान श्री गोवर्धन जी महाराज मुकुट मुखारविंद पर धर्मपत्नी मोहिनी पूनियां, पुत्र महीप पूनियां, पुत्रवधू शिप्पी सुंडा और बेटी अनुष्का के साथ दुग्धाभिषेक कर पूजा- अर्चना की एवं श्रीनाथजी मंदिर में दुग्धाभिषेक, छप्पन भोग एवं बालभोग प्रसादी के साथ पूजा अर्चना की और उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में गोवर्धन जी दानघाटी में पूजा-अर्चना कर राजस्थान और देशवासियों की खुशहाली की कामना की।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सतीश पूनियां ने कहा कि, यह न आमसभा है, न यह शक्ति प्रदर्शन है यह तो भक्ति प्रदर्शन है, जिसमें पूरे राजस्थान के कोने-कोने से पधारे कार्यकर्ताओं ने हम सब के आराध्य भगवान श्री कृष्ण की नगरी पूँछरी का लौठा गोवर्धन में दर्शन किए और मेरे जैसे सामान्य किसान परिवार में जन्मे कार्यकर्ता को आप सब ने आशीर्वाद दिया, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सौभाग्य है की भगवान श्रीकृष्ण की नगरी ब्रजभूमि में मुझे गोवर्धन जी महाराज और श्रीनाथजी के दर्शन करने का सौभाग्य मिला और आप सब कार्यकर्ताओं के दर्शन करने का भी मुझे सौभाग्य मिला।

सतीश पूनियां ने कहा कि ब्रजभूमि में मुझे जन्मदिन की बधाई देने के लिए राजस्थान के प्रत्येक कोने-कोने और ब्रजभूमि भरतपुर डीग के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन करता हूं। सतीश पूनियां ने कहा कि भरतपुर की पूरे देश में एक अलग शान है एक अलग पहचान है यह सब वीर योद्धा महाराजा सूरजमल की देन है, आज भरतपुर की पहचान महाराजा सूरजमल से ही होती है। पूर्व मंत्री डॉ. दिगम्बर सिंह को भी सतीश पूनियां ने सभा में याद किया और कहा कि भरतपुर और आसपास के जिलों में भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने में दिगंबर सिंह का बहुत बड़ा योगदान रहा है आज उनकी कमी खल रही है।

इस अवसर मंत्री जवाहर सिंह बेढम, डीग कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, झुंझुनू विधायक राजेंद्र भामू, कठूमर विधायक रमेश खींची, पूर्व विधायक बनवारी सिंह सिंघल, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, पूर्व विधायक सुखराम सिंह कोली, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टाक, दिल्ली नजफगढ़ विधायक नीलम पहलवान, गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह ठाकुर सहित राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश से कई जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी सतीश पूनियां को जन्मदिन की बधाई देने श्रीनाथजी मंदिर पहुंचे।

# विधवा महिला से व्यापारी ने दुष्कर्म किया

- आरोप है कि आरोपी ने उधार लिए पैसे नहीं लौटाने पर रेप किया
- महिला-बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी, मामला दर्ज

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के एक थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला से रेप करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने उधार लिए पैसे नहीं लौटाने पर रेप किया। आरोपी अब महिला व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में महिला ने बताया कि दो-तीन महीने पहले उसके पति की मौत हो गई थी। उसके पति ने एक व्यापारी राजकुमार उर्फ भंडारी से 20-25 हजार रुपए उधार लिए थे। पति की मौत होने के बाद आरोपी रोजाना उनके घर आता है और पैसे मांगता है। महिला का आरोप है कि आरोपी महिला के पास पैसे नहीं होने के कारण उस पर गंदी नजर रखने लग गया। 22 अक्टूबर को महिला अपने घर पर अकेली थी। उसके बच्चे बाहर खेल रहे थे। इस दौरान आरोपी घर में आया और उसे जबरदस्ती कमरे में ले गया और रेप किया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। आरोपी ने जाते हुए धमकी दी है कि वह उसके साथ इसी तरह उधार दिए पैसों की वसूली करता रहेगा। आरोपी ने धमकी दी कि अगर महिला ने उसकी शिकायत पुलिस में की तो वह महिला व उसके बच्चों को जान से मार देगा। फिलहाल महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसआई सुभाषचंद्र कर रहे हैं।

# दो किशोरों पर दुष्कर्म का आरोप

**जोधपुर, (कासं)।** जिला पूर्व में नाबालिग से दो किशोरों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। बच्ची को किशोर अपने साथ एक कैफे पर लेकर गए, जहां पर बारी-बारी दुष्कर्म किया गया। घटना दिवाली की होना बताया जाता है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार जिला पूर्व में एक किशोरी को उसके दो परिचित किशोर साथ लेकर एक कैफे पर गए, जहां उससे दुष्कर्म किया गया। किशोरी के पिता को इस बात का पता लगने पर अब पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है।

# डीडवाना कुचामन जिले के कई सरकारी स्कूलों को मिलेंगे पट्टे

- जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत के निर्देशन में जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण पहल

**डीडवाना-कुचामन, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत के निर्देशन में जिला प्रशासन ने जिले के पट्टा विहीन राजकीय विद्यालयों को पट्टे देने की एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसी पहल के तहत जिला प्रशासन द्वारा 28 अक्टूबर को जिले के 400 से अधिक राजकीय विद्यालयों को एक साथ पट्टे दिये जायेंगे।

अति. कलेक्टर मोहन लाल खटनावलिया ने बताया कि कलेक्टर डॉ. खड़गावत ने जिले के राजकीय विद्यालयों को पट्टे जारी करने के निर्देश प्रदान किये थे। इसी क्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों व राजकीय विद्यालयों के प्रिंसिपल को जिले के उन सभी विद्यालयों की सूची तैयार करने के लिए निर्देश जारी किये गए जिनके पट्टे नहीं बने हुए थे तथा सभी संस्था प्रधान को विद्यालयों के पट्टे बनवाने के संबंध में जरूरी दस्तावेजों के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार जिले में 400 से अधिक राजकीय विद्यालयों की सूची तैयार कर उनके पट्टे बनाने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा एक मिशन के रूप में किया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर खटनावलिया ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 28 अक्टूबर को राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद सभागार कुचामन सिटी में इन सभी विद्यालयों को एक साथ पट्टे प्रदान किये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ खड़गावत के निर्देशन जिला प्रशासन द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण पहल से राजकीय विद्यालयों में भवन निर्माण, कक्षा-कक्षों का विस्तार एवं खेल मैदान के निर्माण में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नहीं होगा साथ ही जन सुविधाओं के विस्तार में भी वृद्धि होगी।

# लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

- 12 चेकबुक, 4 पासबुक, 10 एटीएम कार्ड और 3 मोबाइल सिम कार्ड बरामद

**अजमेर, (निसं)।** पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर चल रहे सायबर फ्रॉड विरोधी विशेष अभियान के तहत गांधी नगर थाना पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 12 चेकबुक, 4 पासबुक, 10 एटीएम कार्ड और 3 मोबाइल सिम कार्ड बरामद किए गए।

जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देश पर थाना अधिकारी संजय शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर इस फ्रॉड का पर्दाफाश किया। पुलिस ने आरोपी सुमित परिहार को गिरफ्तार किया। किशनगढ़ निवासी परिवादी दिपांशु बंसल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि आरोपी ने बंधन बैंक से लोन दिलाने के नाम पर उसका आधार, पैन कार्ड, दुकान का लाइसेंस और हस्ताक्षरित फार्म ले लिए। कुछ समय बाद उसके नाम पर बैंक खाता खुला और पासबुक-चेकबुक आरोपी ने अपने कब्जे में रख ली। बाद में पता चला कि उस खाते से विभिन्न राज्यों में 3.17 करोड़ का लेनदेन हुआ और खाते पर 31 सायबर शिकायतें दर्ज हैं। जांच में सामने आया कि सुमित ने फर्जी आधार कार्ड से नया मोबाइल नंबर लिया और उसी से नेट बैंकिंग के जरिए खातों का संचालन किया। उसने कई खातों के जरिए करोड़ों का लेन-देन किया है। आरोपी परिहार के खिलाफ गांधीनगर थाने में पहले से ही तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें राजकार्य में बाधा, सरकारी संपत्ति को नुकसान और आर्म्स एक्ट के प्रकरण शामिल हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क और अन्य खातों की जांच कर रही है।

# गौवंश से भरा ट्रक कंटेनर पकड़ा

**अजमेर, (निसं)।** नसीराबाद में गौ रक्षा दल ने शुक्रवार देर रात 40 गौवंशसे भरा एक ट्रक कंटेनर पकड़ा। सूचना पर जसवंतपुरा जंगल में गौ रक्षा दल ने ट्रक का पीछा कर नेशनल हाईवे 48 पर झड़वासा मोतीपुरा के पास घेराबंदी की और वाहन को रोक लिया। अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर मौके से फरार हो गए। गौ रक्षा दल के गोविंदा सौदे और घीसू पथरिया ने बताया कि ट्रक में गौवंश को ठूंस-ठूंसकर भरकर कत्लखाने ले जाया जा रहा था। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और पीछा कर कंटेनर पकड़ा।

# एसपी कार्यालय के एलडीसी पर महिला से दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** एसपी कार्यालय के एक एलडीसी पर एक कांस्टेबल की पत्नी ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने एलडीसी सुमित गोदारा के खिलाफ सदर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवा जांच शुरू कर दी है। अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़िता का पति किसी अन्य जिले में कांस्टेबल है। वारदात दस महीने पहले की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज करवाए जाएंगे।

जांच अधिकारी डीएसपी (एससी/एसटी सेल) विष्णु खत्री के अनुसार पीड़िता ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि वह लोन संबंधी किसी काम को लेकर आरोपी से मिली थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात दिसंबर 2024 की बताई गई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी सुमित गोदारा ने काम में उसकी मदद का आश्वासन देते हुए फोन नंबर ले लिया। उसी दिन फोन करके उसे ऑफिस के बाहर मिलने के लिए बुलाया और किसी अनजान जगह पर ले गया। आरोप है कि सुमित गोदारा ने उसे चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर दे दिया जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के मुताबिक पिछले दिनों वह श्रीगंगानगर आई तो आरोपी उसे एक सुनसान मकान में ले गया और छेड़छाड़ की। उसने शोर मचाने व पुलिस को शिकायत की बात कही तो सुमित गोदारा फरार हो गया। डीएसपी विष्णु खत्री के मुताबिक कांस्टेबल की पत्नी की ओर से लगाए गए आरोप पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।






# 19 साल से फरार 25 हजार के ईनामी आरोपी को मुंबई से दबोचा

## आरोपी ने गांव में पत्नी को छोड़कर मुंबई में दूसरी शादी रचा ली थी, एक रेजीडेंसी में गार्ड की नौकरी कर रहा था

- महज डेढ़ लाख रूपए के लिए आरोपी ने अपना और पिता का नाम बदलकर नया आधार कार्ड तक बनवा लिया था
- आरोपी के खिलाफ जनवरी 2007 में बिसाऊ थाने में कबूतरबाजी के दो मामले दर्ज हुए थे

**बिसाऊ, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 साल से कबूतरबाजी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ जनवरी 2007 में बिसाऊ थाने में कबूतरबाजी के दो मामले दर्ज हुए थे। जिसके बाद वे वह फरार था। पुलिस ने 25 हजार का ईनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक सीकर जिले के धोद थाना क्षेत्र के कासली निवासी 50 वर्षीय रमजान अली पुत्र नबी बक्श मनियार ने 19 साल पहले दो जनों को विदेश भेजने के नाम पर रूपए लिए थे। इस मामले में दो केस बिसाऊ थाने में दर्ज थे, लेकिन केस दर्ज होने के बाद से ही रमजान फरार चल रहा था। कुछ दिन पहले पुलिस को सूचना मिली कि रमजान अली मुंबई में अपना नाम बदलकर नया आधार कार्ड बना चुका है और मुंबई में ही रहता है। जिस पर बिसाऊ एसएचओ महेंद्र सिंह के निर्देशन में हैड कांस्टेबल बीरबल तथा कांस्टेबल श्रीराम मुंबई पहुंचे।

मुम्बई में बिसाऊ पुलिस की टीम दो दिन तक बोरीवाली, दहिसर, अंधेरी (ईस्ट), लोखण्डवाला, गोरेगांव, जोगेश्वरी शांता क्रुज में भेष बदल कर रैकी की। इस दौरान सामने आया कि रमजान अली ने अपना नया आधार कार्ड बना लिया है और यहां पर दूसरी शादी भी कर ली है। उसने नया नाम अली के नाम से आधार कार्ड बनवाया और पिता के नाम के साथ भी छेड़छाड़ कर ली। हैड कांस्टेबल बीरबल तथा कांस्टेबल श्रीराम ने आरोपी को जोगेश्वरी ईस्ट मुम्बई से दस्तयाब किया। जहां पर वह एक रेजीडेंसी में गार्ड की नौकरी कर रहा था। पुलिस इस रेजीडेंसी में एक मोबाइल कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में घुसी और सिम वेरिफिकेशन करने के बहाने आरोपी तक पहुंची।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी यहां से भागा तो अपनी पत्नी छोड़कर चला गया। परिवार से भी सारे संपर्क तोड़ लिए थे। मुंबई में उसने दूसरी शादी भी कर ली थी। बावजूद इसके पुलिस ने 19 साल बाद ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महज डेढ़ लाख रूपए के लिए आरोपी ने ना केवल अपना घर, परिवार, गांव छोड़ दिया, बल्कि अपना और पिता का नाम भी बदलकर अपनी पुरानी पहचान खत्म करके नया आधार कार्ड तक बनवा लिया। पुलिस आरोपी से कबूतरबाजी के मामले में पूछताछ कर रही है।

# गौशाला के बाहर फेंकी 20 से अधिक मृत गौवंश

**पाटन, (निसं)।** गौ सेवा के नाम पर चल रही व्यवस्थाओं की हकीकत एक बार फिर सामने आई है। गुहाला के पास स्थित श्री कृष्ण गौशाला, हुलड़ा का बास, ताल क्षेत्र के बाहर 20 से अधिक मृत गौवंश के शव और अवशेष खुले में पड़े मिले हैं।

गौ सेवा दल गुहाला के अध्यक्ष मनीष और उपाध्यक्ष अंकित ने इस घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि गौशाला की सीमा के ठीक बाहर ज़मीन पर ही मृत गौवंश को फेंक दिया गया है। कई गौवंश के कानों में टैग लगे मिले, जिनकी जांच करने पर यह स्पष्ट हुआ कि ये गौशाला की ही गायें थीं। स्थल पर देखे गए अवशेषों में कुछ शव तीन महीने पुराने, कुछ दो महीने पुराने, कुछ एक महीने पुराने और कुछ ताज़ा मृत गौवंश के थे। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह कोई एकबारगी घटना नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रही लापरवाही और अमानवीयता का परिणाम है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला प्रबंधन मृत गौवंश को नियमित रूप से बाहर डाल देता है, जिससे दुर्गंध और संक्रमण का खतरा फैल रहा है।